Title:Increasing incidents of explosion in the Ordnance factories in the country.

12.44 hrs.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (बालाघाट) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं देश की सुरक्षा से जुड़े हुए मामले पर आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृट करना चाहता हूँ। मध्य प्रदेश में इटारसी में ऑर्डिनेन्स फैक्ट्री है जिसमें 1 तारीख को बड़ा भयानक विस्फोट हुआ। यह मामला सदन में पहली बार नहीं उठ रहा है। मैं इस बात की तरफ सरकार का ध्यान आकृट करना चाहता हूँ कि अभी तक 1988 से लेकर अब तक 18 बार ऐसी दुर्घटनाएं हुई हैं और जो दुर्घटनाएं होती हैं वे अप्रैल मई या मार्च के दौरान होती हैं। पर जिन दर्घटनाओं का उल्लेख मैं कर रहा हूँ जबलपुर और इटारसी में चार जगहों पर जो घटनाएं घटी हैं, वे गर्मी के मौसम से हटकर घटी हैं। इसका मतलब यह है कि या तो वे मानवीय भूलों से घटी हैं या किसी ऐसी कार्रवाई का परिणाम हैं जो देश की सुरक्षा के लिए घातक हैं।

उपाध्यक्ष जी, सदन के भीतर और बाहर, रक्षा मंत्रालय को अस्थिर करने की जो कोशिश हो रही है। मुझे लगता है कि इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। जो घटनाएं इटारसी में घटी हैं और जैसा विस्फोट हुआ है उससे लगभग पांच किलोमीटर के क्षेत्र में वृक्ष उखड़ गए और मकान भी प्रभावित हुए।

महोदय, इस प्रकार से निरन्तर घटने वाली घटनाएं चिन्ता का विाय है। सिर्फ दो र्वा में ऐसी नौ घटनाएं हो चुकी हैं। मैं संपूर्ण सदन के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि विस्फोट की घटनाएं केवल गरमी के कारण नहीं घट रही हैं क्योंकि जिस घटना का मैं उल्लेख कर रहा हूं, वह गरमी के समय नहीं बल्कि ठंड के समय में घटी है। इसलिए इसका कारण मानवीय भूल या कोई तकनीकी कारण हो सकता है। इन घटनाओं पर सरकार को ध्यान देना चाहिए।

SHRI SHIVRAJ V. PATIL (LATUR): Sir, the hon. Member has raised a very important issue. Many ordnance depots are getting gutted and they are burnt down. We are facing a situation in which the ammunition is not available to our Defences forces.

Now, this is a very serious situation. It requires the Government"s attention and the Government should come before the House stating as to why this is happening. This is losing the power to protect the security of the country without even fighting or firing a single bullet. This is not acceptable. I think, the Government owes it to this House to explain as to why this is happening and what are they going to do.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल : उपाध्यक्ष जी, जैसा मैंने पहले बताया, जिन घटनाओं का जिक्र माननीय सदस्य कर रहे हैं वे मार्च, अप्रेल और मई की हैं, लेकिन मैंने जिन घटनाओं का उल्लेख किया वे गरमी के कारण नहीं घटी हैं, वे ठंडे मौसम में हुई हैं। इसलिए इनका कारण मानवीय भूल या कोई तकनीकी कारण हो सकता है। मेरा केवल इतना ही कहना है कि सरकार को इनकी तरफ ध्यान देना चाहिए।

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Sir, the entire Defence is in a mess. In deals and deals scams are taking place. The CBI is saying that the files are missing. The goods are of sub-standard. All these things are required to be deposed in the House. Every time, the Government is trying shield the Defence Minister.

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (DR. C.P. THAKUR): Sir, I will convey the sentiments of the House to the Minister concerned.